# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

ब्रम्हलीन महंथ दिग्विजयनाथ और ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि के अवसर पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतरिक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है, जो शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। उन्होंने कहा ब्रम्हलीन महंथ दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ का जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा।

**आचार्य द्वय महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और महंत अवेद्यनाथ जी महराज का पूरा जीवन न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक जगत के लिए बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पित। उन्होंने पांथिक संकीर्णता से ऊपर उठ कर भारत और भारतीयता के हित में जब कोई भी आह्वाहन हुआ। तो उसमे बढ़ चढ़कर भाग लिया।**

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ–सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध मे सफलता हासिल करने के लिए सरप्राइज एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। पूरी सर्जिकल स्ट्राइक में भारत ने जमीन के रास्ते जाकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया, बालाकोट में एयर स्ट्राइक का सहारा लिया गया। जबकि पहलगाम हमले के बाद सेना ने लो एयर स्पेस, और ड्रोन का इस्तेमाल किया। भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को सरप्राइज कर अपना टारगेट पूरा किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ बदला लेना नही था, धैर्य का स्तर भी बढ़ाना था। यह ऑपरेशन अभी खत्म नही हुआ है।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक और व्यापक बताया है। नई दिल्ली में आज पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है और इससे कारोबार करना आसान होगा। यह फैसला आम आदमी को ध्यान में रखकर लिया गया है। इन सुधारों के बाद अब अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में केवल पांच और अट्ठारह प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इन सुधारों से कई क्षेत्रों में कर की दरें कम हुई हैं और नागरिकों के लिए जीवन आसान हुआ है। इससे शिक्षा क्षेत्र में भी काफी सुधार होगा। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी परिषद ने बच्चों की पढ़ाई से जुड़े कई स्टेशनरी उत्पादों को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया है और जल्द ही इनकी कीमतों में गिरावट देखने को मिलेगी। कापी, पेंसिल, शार्पनर, ग्राफ बुक, नक्शे , ग्लोब और नोटबुक जैसी वस्तुएँ, जिन पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था उसे अब कर–मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा स्टेशनरी सामान जैसे जमेट्री बॉक्स और कलर बॉक्स पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर पाँच प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि कई वस्तुओं से जीएसटी हटा दिया गया है, जबकि कई अन्य पर इसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे आम नागरिकों पर शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक बोझ कम होगा। जीएसटी परिषद का यह कदम खासकर उन परिवारों के लिए राहत भरा है जो बच्चों की पढाई के खर्च को लेकर परेशान रहते हैं। जीएसटी की दरों में हुए इस बदलाव से शैक्षणिक सामग्री की कीमतों में गिरावट आएगी और अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी दो हजार पचीस, कल और सात सितंबर को प्रदेश के अड़तालिस जिलों में चौदह सौ उन्यासी परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। दो पाली मे आयोजित होने वाली परीक्षा में पचीस लाख इक्तीस हजार नौ सौ छियानबे अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग ने दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उन्हें उनके जिले में ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन कुछ स्पेशल ट्रेने और परिवहन निगम ग्यारह हजार बसें चलाएगा।वहीं यातायात व्यवस्था सुगम रखने के लिए कुछ जिलों के जिलाधिकारियों ने कल सभी स्कूल बंद रखने का निर्णय किया है।

**********

प्रदेश भर में आज शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री योगी ने कहा कि महान दार्शनिक, प्रख्यात शिक्षाविद् पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्व पल्ली राधाकृष्णनन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गये कार्य आज भी हमारा मार्ग प्रशस्त कर रहे है। इस मौके पर लखनऊ के लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इक्यासी शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार और राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के बाइस सौ चार प्रधानाचार्यो को टैबलेंट वितरित कर सम्मानित किया ।

**********